हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]












## कार्टून वाली पिचकारियों की डिमांड, भगवा के साथ लाल रंग की सर्वाधिक बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साल के महत्वपूर्ण त्यौहारों में शामिल रंगो का पर्व होली दो दिन बाद है। ऐसे में होलीमय वातावरण निर्मित होने लगा है। बाजार के चौक-चौराहों से लेकर दुकानों में पिचकारियों से लेकर रंग-बिरंगी गुलाल की दुकानें सज चुकी है।

इस बार भी नए कार्टूनों वाली पिचकारियों की अधिक डिमांड नन्हें-मुन्नों के बीच है। वहीं रंगो की बात करें तो लाल रंग के साथ ही भगवा कलर भी काफी मांग बाजार में है। उल्लेखनीय है कि सोमवार यानि 24 मार्च को होलिका दहन एवं 25 मार्च को रंगोत्सव का पर्व मनाया जाना है। ऐसे में रंगों के पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। इधर बाजार में भी रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज चुकी है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के बाजार व चौक-चौराहों में पिचकारियों और रंग-गुलाल की दुकानें सज धजकर तैयार है। व्यवसायियों में भी इस वर्ष बेहतर व्यवसाय होने की उम्मीद जताई जा रही है। पिचकारी व्यवसायी वरूण भास्कर ने बताया कि उनकी दुकान में विभिन्न प्रकार के पिचकारियां हैं। वहीं आर्गेनिक गुलाल भी है। बच्चों के लिए कार्टून वाली सहित अन्य कई किस्म की पिचकारियां उपलब्ध है।

### दामों में मामूली बढ़त, हर्बल गुलाल की बढ़ने लगी मांग

#### मिठाई दुकानों की जांच नहीं

इधर मिठाई दुकानों में भी बताशों के हार सहित अन्य मिठाईयां तैयार की जाने लगी है। होली पर्व के समय बड़ी मात्रा में खोवा सहित अन्य मिठाईयां बेची जाती है, ऐसे में नकली पदार्थ से तैयार होने वाली मिठाई पर लगाम लगाने के लिए सैंपल लेकर जांच की जाती है, लेकिन इस बार विभाग की उदासीनता के चलते ऐसा नहीं हो पाया है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

#### गांवों में नगाडों की ताप

इधर होली पर्व से पूर्व ही ग्रामीण इलाकों में होली रंग रोगन का माहौल शुरू हो चुका है। नगाडों की दुकानों से नगाडों की खरीदी शुरू हो चुकी है। ग्रामीण इलाकों में फाग गीतों की गूंज व नगाडों की थाप सुनाई देने लगी है। हालांकि शहरी इलाकों में पूर्व की तरह नगाड़ों की थाप नहीं सुनाई दे रही है।



#### आर्गेनिक गुलाल की मांग

बाजार में सजी दुकानों में बच्चों के लिए कार्टून बनी पिचकारियों से लेकर टेंकर, मैजिक ग्लास, आईस कलर, मुखौटे सहित अन्य सामग्रियों की भरमार है। हर्बल, आर्गेनिक गुलाल से लेकर रंगों के पैकेट, बैलून भी बाजार में उपलब्ध है। बताया गया कि पूर्व वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष पिचकारियों व रंग-गुलाल की कीमतों में कुछ उछाल आया है। बच्चों के बीच कार्टून वाली पिचकारियों की मांग होने लगी है। आगामी दिनों में बाजार में ग्राहकों की बेहतर उपस्थिति बनने की संभावना जताई जा रही है।

### भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा:

## पांच साल में कांग्रेस ने जनता को सिर्फ ठगा एक भी वादा पूरा नहीं, हम जीतेंगे सभी सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संबोधित कर कहा कि वे केन्द्र सरकार की योजनाएं और प्रदेश सरकार के 100 दिनों के कार्य को लेकर बूथ शक्ति केन्द्र के तक ले जाए। पूर्व में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश सरकार ने गरीबों के हित के कार्यों को रोका, अब यहां प्रत्याशी बनकर आए हैं। उन्होने पांच साल जनता को ठगा, 36 वादों में एक भी वादा पूरा नहीं किया। चुनाव में उन्हें ऐसा मजा चखाना है कि वे इधर नजर घुमाकर न देखे, उन्हें नानी याद आ जाए।

मुख्यमंत्री साय ने शिवनाथ वाटिका में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सेवक के रूप में सेवा किए। गांव-गरीब-मजदूर सहित सबके लिए काम किए हैं, उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। राजनांदगांव से संतोष पांडे को लोकसभा में भेजना है। श्री पांडे पूर्व में संगठन में कार्य कर चुके है, संसद में क्षेत्र की बात को दबंगता से उठाए हैं, पार्टी ने श्री पांडे को दोबारा प्रत्याशी बनाया है, उन्हे पिछली बार से भी ज्यादा वोट से जिताना है।

### राजनांदगांव के साथ डोंगरगांव के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए सीएम

#### आला नेताओं की मौजूदागी

कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद संतोष पांडे, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने दिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल, रामजी भारती सहित अन्य उपस्थित थे।



#### पूर्व की सरकार ने जनता को ठगा

श्री साय ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रदेश में पूर्व में भूपेश बघेल की सरकार ने गरीबों के हित के कामों को रोका, अब यहा प्रत्याशी बनकर आए हैं। पांच साल जनता को ठगा, 36 वादों में एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब वे पार्टी के अध्यक्ष थे, तब कई बार इस विषय पर पूछा, लेकिन वे नहीं बताए। पूर्व मुख्यमंत्री को चुनाव में मजा चखाना है कि वह नजर घुमाकर इधर न देखे, उन्हें नानी याद आ आए। बीते पांच सालों में प्रदेश में कई घोटाले हुए।

#### प्रदेश में सौ दिन में हुए बड़े काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल प्रदेश के भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे हुए हैं। इस दौरान बड़े-बड़े काम किए गए हैं। जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया है, गारंटी के पूरा होने की गारंटी है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश के 11 लोकसभा चुनाव जीतेंगे। सम्मेलन में उन्होंने प्रदेश सरकार के कार्यों को गिनाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी के सभी वादे पूरे करेंगे। छग में खनिज वन संपदा बहुत है, प्रदेश गरीब नहीं रहेगा, तेजी से छग का विकास होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि मतदाताओं के बीच जाना है और केन्द्र व प्रदेश सरकार के कार्य योजनाओं को हर व्यक्ति को बताना है।

## पूर्व सीएम के स्लीपर सेल वाले बयान को बताया गलत, कहा: हम लोग कांग्रेस के सच्चे सिपाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाए गए पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ आवाज उठाने वाले कांग्रेसी नेता अब लामबंद होने लगे हैं। पूर्व सीएम द्वारा हाल ही में दिए गए स्लीपर सेल वाले बयान के बाद उनके विरोध में उतरे दो कांग्रेसियों के बीच शुक्रवार को मुलाकात हुई। दोनों ही नेताओं ने पूर्व सीएम के बयान को गलत बताया और कहा कि किसी स्थानीय नेता को ही टिकट दिया जाना चाहिए।

मिली जानकारी के अनुसार राजनंदगांव शहर कांग्रेस के प्रभारी रहे अरूण कुमार सिसोदिया शुक्रवार को राजनांदगांव पहुंचे और यहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मंच पर खरी-खरी सुनाने वाले सुरेन्द्रदास वैष्णव से मुलाकात की। बीते दिनों सोमनी क्षेत्र के खुटेरी में भूपेश बघेल की सभा में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र दास ने कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यकाल में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करने और पूर्व मुख्यमंत्री के बाहर से आकर चुनाव लड़ने की बात कही थी। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी में बागवत देखने को मिली और अरूण सिसोदिया ने भी राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व को बकायदा पत्र लिखकर पूर्व सीएम को लोकसभा टिकट नहीं देने की मांग की। इस मामले पर पूर्व सीएम बघेल ने बयान दिया था कि कुछ लोग भाजपा के स्लीपर सेल की तरह काम कर रहे हैं।

#### धामनसरा में दिया था बयान

ज्ञात हो कि राजनांदगांव विधानसभा के धामनसरा में गुरुवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सुरेन्द्र दास वैष्णव और अरूण सिसोदिया का नाम लिए बिना इशारा करते कहा था कि कांग्रेस में कुछ लोग स्लीपर सेल की तरह काम कर रहे हैं। अब उनके इस ब्यान के बाद एक बार फिर यहां कांग्रेस का राजनीति माहौल गरमा गया है। उनका विरोध करने वाले भी अब एकजुट नजर आ रहे हैं।

#### राशि का बंदरबाट किया गया

पूर्व सीएम के बयान को लेकर राजनांदगांव शहर कांग्रेस के प्रभारी रहे एआईसीसी के सदस्य अरूण सिसोदिया ने कहा कि वो कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं। स्लीपर सेल के बजाय सुसाइडल बम बनने की बात कही। गलत तरीके से नेताओं द्वारा पैसे खर्च किया गया, जिसका उन्होंने विरोध किया। लगभग 5 करोड़ 89 लाख की राशि का बंदरबाट हुआ है, ये पैसा कांग्रेस की खून-पसीने की कमाई है।

#### गलत कहा

बेहद दुख की बात है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री इस तरह अपने कार्यकर्ताओं को लेकर कह रहे हैं, पूर्व सीएम ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल कहा, जो कि गलत है।

**- सुरेन्द्र दास वैष्णव,**
पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष

## मोटर साइकिल से गांजा ले जाते पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने बाईक में अवैध रूप से गांजा ले जा रहे आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से 2 किलो गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 मार्च को मुखबीर से थाना खैरागढ़ में सूचना मिली कि बढ़ईटोला मोड के पास एक व्यक्ति द्वारा अपने बाईक में एक प्लास्टिक के सफेद रंग की बोरी में पॉलीथिन से पैक टेप से बंधी हुई अवैध रूप से कब्जे में रखकर मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु परिवहन कर रहा है।

इस सूचना पर पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई हेतु रवाना किया गया, जो मौके पर दबिश देकर मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई करते अवैध गांजा मादक पदार्थ का परिवहन व विक्रय करते आरोपी सोमनाथ मंडावी पिता गौतरिहा 24 साल साकिन सारंगपुर थाना खैरागढ़ के कब्जे से कुल 2 पैकेट, प्रत्येक में 1 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा कुल 2 किलो गांजा कीमती 20,000 रुपए बिक्री एवं



परिवहन में उपयोग में लाए गए एक बाईक कीमती 80,000 रुपए जुमला कीमत कुल 100,000 रुपए को जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने पर थाना खैरागढ़ में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट कायम कर कार्रवाई में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

### माए एंगल

















## खबर संक्षेप

### ओपन स्कूल परीक्षा 6 तक

**गंडई पंडरिया।** कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा मंडल ने कक्षा 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षा के लिए केंद्र बनाया है। बीते 9 मार्च से परीक्षा आरंभ हो चुकी है। अब तक 12 वी के 7 एवं 10वी की 5 पेपर हो चुके हैं। 10 वी के 83 में से 6 परीक्षार्थी लगातार अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार 12 वी के 65 में 6 अनुपस्थित है। केन्द्राध्यक्ष पवन ददरिया ने बताया कि परीक्षा 6 अप्रैल तक चलेगी।

### शिविर में सामानों का वितरण

**टाटेकसा।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने कोठीटोला में 22 मार्च को



जन कल्याण कैंप का आयोजन किया। कैंप में कृषि उपकरण जैसे गैती, फावड़ा, खुर्पी, सिलाई मशीन, सिंटेक्स पानी टंकी, वाटर फिल्टर आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस बल के कमाडेंट सिद्धार्थ कुमार, अशोक कुमार, उप कमाडेंट ज्ञानचंद, उदित नारायण, अजय कुमार, राजन कुमार, राजकुमार धुर्वे, हाई स्कूल प्रभारी बीएल आचले, ग्राम प्रधान दिलीप चंद्रवंशी, गेंदूराम कंवर मौजूद थे। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित किया।

### कीचड़ से परेशानी

**डोंगरगढ़।** ब्लाक के ग्राम जामरी के वार्ड 3 और 4 कीचड़ से लथपथ



रहते है। वार्डवासी इस संबंध में पंच, सरपंच से कई बार शिकायत कर चुके है लेकिन बीते 3 साल में किसी ने ध्यान नहीं दिया। गांव की गली में हमेशा कीचड़ देखा जाता है। ग्रामीणों को कीचड़ लांघते हुए आना जाना करना पड़ता है।

### बांसुला में मनाया बलिदान दिवस

**ठेलकाडीह।** ग्राम बांसुला में 20 मार्च को रानी अवंतीबाई लोधी का



बलिदान दिवस मनाया गया। सामाजिक बंधुओं ने रानी अवंती बाई लोधी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके समाज के उमन वर्मा, जितेंद्र वर्मा, गिरवर वर्मा, मनोज वर्मा, तेजस्वी वर्मा, बहाल वर्मा, मुकेश वर्मा, दीपक वर्मा, राम अवतार वर्मा, देवेंद्र वर्मा, धनीराम वर्मा, उदित नारायण वर्मा, खिलावन वर्मा, देव कुमार वर्मा, प्रेमलाल वर्मा आदि उपस्थित थे।

### शोभायात्रा के साथ कथा का समापन

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी के धाम में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का



आयोजन किया गया। बुधवारी पारा में कथा का समापन होने पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। अब तक महाप्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन के दौरान मुकुंद कृष्ण महाराज ने लोगों को कथा का रास पान कराया। समापन के बाद पूज्य गुरु जी वृंदावन के रवाना हो गए।

### फाग गायन स्पर्धा 26 से

**मुरमुंदा।** डुंडेरा में राधा कृष्ण फाग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 26 एवं 27 मार्च को फाग एवं झांकी प्रतियोगिता रखा गया है। अतिथि के रूप में हरिराम सिन्हा, नरेंद्र वर्मा, दिलीप वैष्णव, नवीन भाई, लोकेश साहू, कुशल पटेल, शिवलाल चंद्रवंशी, होमलाल वर्मा, राम प्रवेश वर्मा, अनिल यादव, गुलापा सुंदर पटेल, नवीन वर्मा, अनिल यादव, बिसाहू चंद्रवंशी, संतराम पटेल, चुम्मन चंद्रवंशी, जगदीश वर्मा, पन्नालाल साहू, श्यामसुंदर हटीले आदि शामिल होंगे।

### सड़कों पर मवेशियों का जमघट



**मुरमुंदा।** लगातार हादसे और हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी सड़कों पर मवेशियों का झुंड बैठा रहता है। मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान नही चलाया जा रहा है। हाल ही में कोर्ट की सख्ती के बाद मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की गई किन्तु अब सब कुछ जस के तस हो गया। मुरमुदा सड़क पर मवेशी बैठे रहते है जो रात्रि में दिखाई नहीं देते और एक्सीडेंट होते रहता है। प्रशासन द्वारा लापरवाह मवेशी मलिकों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी प्रकार राजनांदगांव से डोंगरगढ़ रोड पर मवेशियों का जमघट देखा जा सकता है। मुड़पार, डुंडेरा, मेढा रोड पर दिन भर मवेशी का डेरा रहता है।

## निधन



### कैलाशराम साहू

**जंगलपुर।** जंगलपुर निवासी 61 वर्षीय कैलाश राम साहू का निधन 20 मार्च को हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। स्व साहू हायर सेकंडरी स्कूल भानपुरी में क्लर्क थे। उनका अंतिम संस्कार जंगलपुर में किया गया। वह अपने पीछे एक पुत्र, दो पुत्री, पत्नी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए थे। वह दीपक साहू के पिता थे।

## नादिया में अखिल भारतीय कबीर संत सम्मेलन का आयोजन

# कबीर ने दिखाया शांति और विकास का रास्ता : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

संत कबीर जैसा कोई दूसरा संत देश में नहीं हुआ है। उन्होंने सदैव समानता, आपसी भाईचारा और सदभावना का संदेश लोगों को दिया साथ ही सामाजिक कुरूतियों का हमेशा विरोध किया क्योंकि यहीं लोगों को भटकाकर आगे बढ़ने से रोकती है।

उक्ताशय के उदगार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रसिद्ध कबीरमठ नादिया में आयोजित अखिल भारतीय सद्गुरु कबीर आचार्य सम्मेलन के शुभारंभ मौके पर व्यक्त किए। देश भर से आए संतों की उपस्थिति में सम्मेलन का शुभारंभ बीजकपाठ तथा गुरु महिमा संकीर्तन से हुआ।

समारोह में नादवंशाचार्य के 13 वें आचार्य पंथ हुजुर मंगल साहेब, धर्माधिकारी सत्येन्द्र साहेब शास्त्री, संत डॉ. भागीरथी दास, संत धर्मेन्द्र साहेब, विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू आदि शामिल हुए। कबीरमठ के धर्माधिकारी सत्येन्द्र साहेब ने मठ के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कबीरमठ की स्थापना लगभग 200 वर्ष पहले आद्याचार्य सद्गुरू सेवा साहेब ने किया था। गांव के दानवीर भक्त मंगतू ठाकुर ने स्थापना में अपना अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कई एकड़ जमीन स्थापना और संचालन के लिए दिया था।

द्वितीय शताब्दी समारोह के तहत आयोजित विराट कबीर आचार्य सम्मेलन शिरकत करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कबीर के दोहों में छुपे रहस्यों को उजागर करते कहा कि संत कबीर साहेब ने जो अनुभव किया उसे ही कहा। उन्होंने कहा कि देश को वर्तमान में कबीर के उपदेशों की सबसे ज्यादा जरूरत है क्योंकि लोग अपने फायदे के लिए कटुता, घृणा फैला रहे हैं साथ ही कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए समाज को तोड़ने और लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं। सभी को ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए। श्री बघेल ने कहा कि कबीर के बताए रास्ते पर ही चलकर आगे बढ़ने के साथ शांति कायम किया जा सकता है।



### पूर्व सीएम बघेल का खुज्जी में स्वागत

**खुज्जी।** कबीरमठ नादिया में द्वितीय शताब्दी समारोह के तहत अखिल भारतीय कबीर आचार्य सम्मलेन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरूवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। श्री बघेल के खुज्जी पहुंचने पर विधायक भोलाराम साहू के निवास में भेंट मुलाकात के बाद बस स्टैंड में जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा के अगुवाई में स्वागत किया गया। युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी किया। इस दौरान विधायक दलेश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष संध्या साहू, जनपद सदस्य दीबिका साहू, पीसीसी मेंबर श्रुति शुक्ला, वीरेंद्र बोरकर, निखिल द्विवेदी, रवि शुक्ला, नरबद चंद्रवंशी, सुशीला साहू, नरेंद्र साहू, मुरली निषाद, वसीम खान, प्रियंक जैन, जितेंद्र चुनारकर, शेख नासिर, सुंदरलाल साहू, हीरालाल निषाद, संतोष यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### दानदाताओं का सम्मान

समारोह में श्री कबीरमठ ट्रस्ट समिति ने मठ में अमूल्य योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान किया। अतिथियों को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन हिमांचल दास तथा महेश साहू ने किया। इस दौरान दयालदास साहू, संत गिरवरदास, ढालसिंह साहू, संत सत्येन्द्र दास, संत बेदनारायण, डॉ. निरेन्द्र साहू, हिरेन्द्र साहू, चेतन साहू, नरेश शुक्ला, बिरेन्द्र बोरकर, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, शुभम चौधरी, मदन साहू, संध्या साहू, श्रुति शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कमला कॉलेज में कैरियर मार्गदर्शन एवं स्वीप कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन एवं स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कैरियर मार्गदर्शन समिति के संयोजक और मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत सोनबर ने छात्राओं को बताया कि कैरियर बनाने व्यक्तित्व का बहुत महत्व है। प्रभावशाली तरीके से हम अपनी बातों को कैसे रख सकते हैं? इसके लिए उन्होंने आत्मविश्वास का होना आवश्यक बताया।

प्राचार्य ने छात्रों को बताया कि विषय के अनुसार कैरियर का चयन किस प्रकार से किया जाता है? साक्षात्कार के समय तनावमुक्त होकर अपनी बातें रखना चाहिए, इसके लिए मन में किसी प्रकार का झिझक या डर नहीं होना चाहिए।

प्राणी शास्त्र के सहायक प्राध्यापक प्रो. आलोक जोशी ने बताया कि सतत प्रयास और संकल्पित होकर तैयारी करने से कैरियर बनाने में आसानी से सफल हो सकते हैं। उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं लोकतंत्र के त्यौहार में स्वयं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा अन्य लोगों को भी भागीदारी करने प्रेरित करने अपील की। प्रो. जोशी ने बताया कि 85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं एवं गंभीर रूप से दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा होगी, इसके लिए जो भी आवश्यक प्रमाणपत्र होने चाहिए उनके बारे में बताया।

राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. आबेदा बेगम ने बताया कि जीवन में अनुशासन और गंभीरता का होना कैरियर निर्माण में सहायक होती है। उन्होंने लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका को समझाते कहा कि प्रत्येक वोट कीमती है, सभी वोट एक समान है, इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए। प्रो. केके द्विवेदी ने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य रोजगार प्राप्त करना भी होता है। सभी आवश्यक सर्टिफिकेट को सुनियोजित तरीके से रखना चाहिए। अमरनाथ निषाद ने मेरा वोट देश के लिए थीम का महत्व समझाया तथा शत-प्रतिशत मतदान करने सभी को संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष समस्त स्टाफ तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के सभी छात्राएं उपस्थित थी।

# रंग के साथ मतदान का संकल्प

## स्वीप के तहत ग्रामीणों को जागरूक करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय जनपद पंचायत में शुक्रवार को स्वीप मतदाता जागरूकता एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। होली के रंग मतदान के संग नारे के साथ चुनावी फाग के कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह एवं एसडीएम मनोज कुमार मरकाम ने की।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह ने सभी सचिवो को मतदान करने की शपथ दिलाई। एबीईओ सुश्री रश्मि ठाकुर ने सभी कर्मचारियों को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत सभी से शत प्रतिशत मतदान करवाने की अपील की। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 100 फीसदी मतदान करवाने की शपथ एवं विकास खंड की सभी ग्राम पंचायत में आगामी 3 से 9 अप्रैल तक स्वीप संगोष्ठी के संबंध में जानकारी दी गई।





### विभिन्न आयोजन होंगे

लोकसभा चुनाव 2019 एवं विधानसभा चुनाव 2023 में सर्वाधिक मतदान करवाने में सहयोग करने वाले दस सचिवो का श्री फल भेंट कर सम्मान किया गया जिसमें शंकरलाल पेंडरवानी, महासिंग बाघमारे मारगांव, मौसमी साहू कोपेडीह, रुपसिंह घोरदा, मौसमी आलीखूटा, करण जोशी घोरदा आदि शामिल हैं।घोरदा के सचिव करण जोशी को चुनाव बहिष्कार के बाद भी 82.2 प्रतिशत मतदान करवाने में सहयोग हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सभी सचिवो को अवेयरनेस ग्रुप का गठन कर मतदान न करने वाले लोगो को चिन्हांकित कर प्रेरित करने कहा गया। सभी को ग्राम पंचायत में स्वीप अंतर्गत रैली, दीवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, पेंटिंग, मशाल, कैंडिल मार्च आदि का आयोजन कर लोगो को मतदान करने प्रेरित करने कहा गया। कार्यक्रम में सीईओ नवीन कुमार, ए बीईओ सुश्री रश्मि ठाकुर, एपीओ भगवती साहू, होरी लाल, देवेंद्र गोस्वामी, वीरेंद्र तिवारी, ओपी जैन,संकुल समन्वयक कोकपुर राहुल जैन आदि उपस्थित थे।



### सीनियर छात्रों को विदाई

**घुमका।** पूर्व माध्यमिक शाला बिरेझर की कक्षा सातवीं के छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह में प्रभारी प्रधान पाठक दिलीप बघेल, शिक्षिका सरिता सेमअल, शिक्षा समिति के मुकेश ठाकुर, गणेशिया टंडन, टामन साहू, दीपक, लक्ष्मी साहू उपस्थित थे। प्रभारी प्रधान पाठक बघेल ने बताया कि विदाई समारोह के पश्चात छठवीं से लेकर कक्षा आठवीं तक की परीक्षा आरंभ हो जाएगी।

### प्राण प्रतिष्ठा 7 को

**मुरमुंदा।** ग्राम विचारपुर नवागांव में तालाब किनारे नवनिर्मित शिव एवं हनुमान मंदिर का आगामी 7 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा होगा। आगामी 6 अप्रैल को निज निवास में वेदी पूजन, अन्नाधिवाश एवं 7 अप्रैल को शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा, हवन, प्रसादी का आयोजन रखा गया है।

# किसान चिंता न करें, मिलेगी क्षतिपूर्ति राशिः कोमल जंघेल



**सड़क अतरिया।** बेमौसम बारिश, आंधी तूफान और ओलावृष्टि से रबी की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने किसानों को आश्वत किया कि उन्हे परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार किसानों को फसल बर्बादी की क्षतिपूर्ति देगी। सरकार के आदेश पर विभागीय सर्वे एवं नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। रिर्पोट तैयार होते ही क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की फसल बरबाद हुई है उन्हे फसल का मुआवजा आरबीसी 6-4 के तहत तत्काल दिया जाएगा। क्षतिपूर्ति देने के लिए सरकार ने 167 करोड़ जारी कर दिया है। सर्वे रिपोर्ट एवं फसल बर्बादी के आंकलन के आधार पर क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया जाएगा। वही बीमा कम्पनी से भी बीमा क्लेम दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने किसानो की परेशानी से अवगत होकर विगत 19 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया था। उन्होंने बताया कि बेमौसम बारिश, आंधी तूफान तथा ओला वृष्टि से फसल चौपट हो गई है। किसान कर्ज में डूब गए हैं। उन्होंने आरबीसी 6-4 के तहत क्षति पूर्ति दिलाने का अनुरोध किया था। उन्होंने बीमा कम्पनी से किसानों को फसल बीमा क्लेम दिलाने का भी निवेदन किया था। मुख्यमंत्री ने कृषि मंत्री को पत्र लिखने के अलावा कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एसडीएम, से भी आग्रह किया था।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) खैरागढ़**
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)
**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीप्रसाद जंघेल पिता स्व.जगदीश जंघेल निवासी ग्राम बाजार अतरिया तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़ छुईखदान-गण्डई छ.ग. के द्वारा ग्राम अतरिया प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. अतरिया तहसील खैरागढ़ स्थित भूमि ख.नं. 209/5 रकबा 0.053 हे. भूमि में से 0.016 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 08/04/2024 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/ अपने अधिवक्ता/ अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 13/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
खैरागढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202402090100010/A-21**
विषय : अ-21 मामले की श्रेणी : राजस्व सन : 2023-2024
कटली (प. ह. न. 00019)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - श्री दुदासन सिंह
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन
**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दुदासन सिंह आ. स्व. मदनलाल, जाति कंवर, निवासी ग्राम लमानीभांठा, पोस्ट मुसरा, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के नाम एवं हक स्वामित्व की ग्राम कटली, प.ह.न. 19, रा.नि.मं. बेलगांव, तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 205/3 रकबा 1.12 एकड़/ 0.454 हे. भूमि को अपनी मां के ईलाज हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 08.04.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
Mukesh Kumar Thakur
तहसीलदार
तहसील - डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## लगातार बढ़ रहा लोगों का रूझान

# गंभीर रोगों के उपचार में कारगर साबित हो रही होम्योपैथी पद्धति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बोर्ड सहित अन्य परीक्षाओं के चलते बच्चे इन दिनों तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। बच्चों को बहुत सारी समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है जिसके निदान में होम्योपैथी चिकितसा पद्धति काफी कारगर साबित हो रही है।

परीक्षा के कारण बच्चों में डर, चिंता, नींद न आना, बुखार, सिर दर्द, आंखों में दर्द, सूखापन, भूलने की समस्या, शोरगुल से परेशानी जैसे परेशानी देखने मिलती है। बच्चों को होने वाली विभिन्न समस्याओं का इलाज होम्योपैथी पद्धति से किया जा रहा है। बच्चे भी आगे आकर इलाज करा कर परीक्षा दे रहे हैं। शहर के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ आलोक कलचुरी ने बताया कि परीक्षा के दौरान बच्चे अक्सर गुमसुम रहते है। परीक्षा के दबाव से उन्हें काफी समस्या होती है किंतु होम्योपैथिक से उनकी समस्याएं हल की जा रही है और वह चिंता से मुक्त होकर परीक्षा दे रहे हैं। शहर के होम्योपैथिक अस्पताल में दिनों दिन मरीजों की संख्या बढ़ रही है। यहां के उपचार से लोग संतुष्ट हो रहे हैं। यहां गंभीर बीमारियों का इलाज भी किया जा रहा है जिसका लाभ मरीजों को मिल रहा है। डॉ कलचुरी ने बताया कि होम्योपैथी से गंभीर बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से चर्म रोग, पेट रोग, वात रोग, महिला रोग, श्वेत प्रदर, ओवरी में सिस्ट सहित अन्य बीमारियों के इलाज के लिए बड़ी संख्या में आ रहे हैं और इलाज कराकर ठीक हो रहे हैं।



### उपचार से मिला लाभ

पुष्पा मेश्राम से पता चला कि वह पेट की बीमारी से काफी परेशान थी। बिलासपुर सहित अन्य शहरों में इलाज करवाया उन्हें लाभ नहीं मिला। जब उन्होंने होम्योपैथी पद्धति से इलाज कराया तो उन्हें काफी राहत मिली। उन्होंने बताया कि बिना तकलीफ के आसानी से होम्योपैथिक दवाइयां का सेवन किया जा सकता है। पैसों की भी बचत होती है। डां कलचुरी बताते हैं कि होम्योपैथिक पद्धति से मनोदैहिक विकारों, स्व प्रतिरक्षित बीमारियों, बुढ़ापे और बाल विकारों, गर्भावस्था के दौरान होने वाली बीमारियों, त्वचा रोग आदि का कारगर उपचार किया जा सकता है।

**पाठक सूचना**
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

**खबर संक्षेप**



## उत्साह से निकाली निशान यात्रा

**डोंगरगढ़।** फागुन श्याम उत्सव को लेकर गत दिनों भूत परिवार के निवास से निशान यात्रा निकाली गई। यह निशान यात्रा जैन मंदिर गोल बाजार होते हुए नीचे मंदिर स्थित श्याम रिसोर्ट पहुंची। यहां 21 फरवरी को पूजा अर्चना के साथ होली फागुन महोत्सव का आयोजन किया गया।

## आकाश को मिली पीएचडी की उपाधि

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी राजनांदगांव स्थित आकाश




इंटरप्राइजेस अपने गुणवत्तापूर्ण कृषि उपकरणों से विशेष पहचान बना रहा है। हाल ही में इसके निदेशक डॉ. आकाश चरण गुप्ता को एग्रो इंडस्ट्रीज पर पीएचडी डॉक्टरेट की उपाधि मिली है। आकाश इंटरप्राइजेस दो दशकों से कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहा है। डॉ. आकाश चरण गुप्ता और छोटे भाई राहुल गुप्ता दोनों ने मिलकर किसानों की मदद के लिए कृषि यंत्र विकसित करने का संकल्प लिया। डॉ. आकाश चरण गुप्ता ने बताया कि उन्होंने कृषि उपकरणों के नए डिजाइन और तकनीकों का अध्ययन किया है और उन्हें सरल और सुलभ बनाने कई नवाचार किए हैं।

## शिक्षकों ने इंटरनेशनल कांफ्रेंस में लिया हिस्सा



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने गत दिनों गुवाहाटी असम के गुवाहाटी यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल कान्फ्रेंस में हिस्सा लिया। ऑल इंडिया नेटवर्क ऑफ इंग्लिश टीचर्स (आईनेट) के बैनर तले इंग्लिश लैंग्वेज एजुकेशन इन द ग्लोबल साउथ इनोवेशन, इंक्लूजन एंपावरमेंट थीम पर आधारित इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस में देश के 200 से भी अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। देश के विभिन्न राज्यों से पधारे शिक्षाविदों ने इस सम्मेलन में अपने शैक्षिक विचार विश्व पटल पर रखें। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव की ओर से धनेश सिन्हा, कौशलराम चंद्रवंशी, बसंत यादव, रोमलाल चंद्राकर, दिनेश वाल्दे, खलेश्वर मंडावी, खैरागढ़ से नरोत्तम उर्वाशा, कोंडागांव से मोहनलाल बोगा, मोहला से सईद कुरैशी, हेमराज सहारे, बालोद से अरूण साहू ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## मतदान कराने लिया संकल्प



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला में कौशल विकास के अंतर्गत वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थी, ऑफिस स्टाफ एवं कर्मचारियों द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने स्वयं तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### विज्ञापन प्रसारण के पहले एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणन आवश्यक

# कलेक्टर ने केबल एवं टीवी चैनल ऑपरेटर की ली बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत केबल ऑपरेटर एवं टीवी चैनल ऑपरेटर की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि केबल एवं टीवी चैनलों में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रसारण करने के पहले जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से पूर्व प्रमाणन कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी, संगठन, संघ या व्यक्तियों का समूह द्वारा किसी भी प्रकार के विज्ञापन केबल एवं टीवी चैनल में प्रसारित करने से पहले केबल ऑपरेटर एवं टीवी चैनल ऑपरेटर को जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से अनुमति लेना आवश्यक होगा।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं केबल ऑपरेटर उपस्थित थे।




**एमसीएमसी से प्रमाणन जरूरी**

उन्होंने कहा कि विज्ञापन के कंटेन्ट में किसी जाति, धर्म, सम्प्रदाय, वर्ग विशेष से संबंधित आलोचना एवं उसके विरूद्ध विज्ञापन नहीं होना चाहिए। जिससे सामाजिक सौहाद्र पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो। ऐसे कंटेन्ट पाए जाने पर संबंधित केबल ऑपरेटर एवं टीवी चैनल ऑपरेटर पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी विज्ञापन केबल एवं टीवी चैनल में देने के पहले जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से विज्ञापन का प्रमाणन कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि वीडियो, ऑडियो किसी भी प्रकार का विज्ञापन हो एमसीएमसी द्वारा विज्ञापन प्रमाणन होने के बाद ही केबल एवं टीवी चैनलों में प्रसारित करने कहा।

# विद्युत खंभे, लाइन एवं ट्रांसफार्मर के निकट न करें होलिका दहन

### बिजली शिकायत केन्द्र होली पर रहेंगे क्रियाशील

- होली पर्व के मद्देनजर विशेष जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा होलिकोत्सव के पर्व को दृष्टिगत रखते मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को विशेष जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समुचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में संपूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने विद्युत उपकेन्द्रों, खंबों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट होलिका दहन न करने की समझाईश दी गई है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव जिले के उच्चाधिकारियों द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता एवं शालीनतापूर्वक रंगोत्सव विद्युत कंपनी सहित सभी के लिए हितकारी होगा।

विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों ने बताया कि होलिकोत्सव पर अवकाश होने के बावजूद बिजली संबंधी शिकायतों के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण करने वितरण कंपनी के कॉल सेंटर, फ्यूज आफ कॉल सेंटर सामान्य दिनों की भांति क्रियाशील रहेंगे। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेंटर का 1912 दिन-रात क्रियाशील रहता है। इस नंबर पर उपभोक्तागण किसी भी समय 1912 पर हिन्दी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। विद्युत प्रणालियों से छेड़छाड़ अथवा अन्य किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना संबंधी जानकारी उपभोक्तागण तत्काल निकटस्थ विद्युत कार्यालय में दें। जनसामान्य की सावधानी से किसी भी प्रकार की संभावित विद्युत दुर्घटनाओं से आसानी से बचा जा सकता है। रंगोत्सव पर किसी भी प्रकार की बिजली की गड़बड़ी, दुर्घटना संबंधी शिकायत आदि के लिए उपभोक्तागण राजनांदगांव शहर स्थित शिकायत केन्द्रों में सम्पर्क कर सकते हैं।

# नेटवर्क सिक्योरिटी विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कानफ्लुएंस कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग द्वारा नेटवर्क सिक्योरिटी टॉपिक पर ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर कराया गया। जिसमें स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक दीपक सिंह द्वारा व्याख्यान दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नेटवर्क सिक्योरिटी क्या होता है तथा इसकी आवश्यकता कहां होती है तथा किस प्रकार हम नेटवर्क में अपने सूचना प्रसारण एवं डाटा आदान-प्रदान को सुरक्षित कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर क्षेत्र में नेटवर्क सिक्योरिटी एक महत्वपूर्ण विषय है, जो सूचना के आदान-प्रदान के लिए बहुत आवश्यक एवं लाभप्रद है। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य कम्प्यूटर नेटवर्किंग में सुरक्षाओं के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालना था, चूंकि आज के समय में साइबर सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि कोई भी नहीं चाहता है कि उनका जरूरी डाटा कोई भी चुरा ले और डाटा चुराने के बाद कोई भी हैकर उसका गलत प्रयोग करें।

बताया गया कि नेटवर्क के किन संदिग्ध क्षेत्र में सुरक्षा की आवश्यकता होती है। जिससे हमारे द्वारा प्रेषित किए गए सूचना को बिना किसी नुकसान पहुंचाए प्राप्तकर्ता के पास पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कुछ स्पेशल कोडिंग द्वारा अपने डेटा को सुरक्षित कर सकते हैं तथा पासवर्ड का उपयोग कर अपने डिवाइस को अनाधिकृत उपयोगकर्ताओं से बचाया जा सकता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा इस आयोजन को सराहते कहा गया कि चूंकि नेटवर्क में डाटा एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाता है, इसके लिए कुछ सुरक्षाओं को ध्यान में रखना आवश्यक होता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

## निर्वाचन कार्य का जिम्मेदारीपूर्वक करें निर्वहन : कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट कार्यालय के शक्तिकक्ष में मंगलवार को डाक मतपत्र, ईडीसी एवं ईटीपीबीएस से मताधिकार का प्रयोग कराने के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि डाक मतपत्र, ईडीसी एवं ईटीपीबीएस निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण है। इसे जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने जिले के कर्मचारियों को निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र (ईडीसी) जारी करने के निर्देश दिए। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे कोई समस्या नहीं आएगी। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतदानकर्मियों के डाकमत पत्र से मताधिकार प्रयोग करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सेवा निर्वाचकों को ईटीपीबीएस पोर्टल से डाक मतपत्र जारी करने की विधि बताई। उन्होंने अच्छे से रजिस्टर में एंट्री तथा निर्धारित प्रारूप में फार्म भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डाक मतपत्र के लिए प्रशिक्षण केन्द्रों में सुविधा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने निर्वाचन कार्य में तैनात पुलिस विभाग के कर्मचारी के लिए भी डाक मतपत्र जारी करने कहा। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्वाचन के दौरान लगे वाहनों के ड्राईवर एवं अन्य कर्मचारियों का भी डाक मतपत्र जारी करने कहा। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, डिप्टी कलेक्टर सरस्वती बंजारे सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने वाहन संचालकों की ली बैठक

### लाइसेंस अपडेट करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत वाहन संचालकों की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले में 26 अप्रैल को मतदान किया जाना है।

मतदान कराने मतदान दलों के लिए बड़ी संख्या में वाहनों की जरूरत होती है। जिससे मतदान दलों को आने-जाने में सहुलियत हो सके। उन्होंने सभी वाहन संचालकों को बताया कि निर्धारित स्थान एवं समय पर वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसी जरूरत नहीं पड़नी चाहिए कि वाहन अधिग्रहण करने की जरूरत पड़े।

उन्होंने कहा कि वाहन सही एवं चालू हालत में होना चाहिए। निर्वाचन के समय किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी वाहन संचालकों को वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट एवं ड्राइवरों के लाइसेंस अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वाहन के जरूरी दस्तावेज भी अपडेट करने कहा। जिससे निर्वाचन के दौरान परिवहन की व्यवस्था सुचारू संचालित हो सके। उन्होंने वाहन संचालकों को सभी ड्राईवर एवं अन्य कर्मचारियों का मतदान कराने डाकमत पत्र के लिए आवेदन करने कहा। जिससे उनका मतदान हो सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं बस संचालक उपस्थित थे।

## राजलक्ष्मी का भाजयुमो ने किया स्वागत

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तमिलनाडु के मदुरई से दो पहिया बुलेट वाहन पर 21 हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकली राजलक्ष्मी के छत्तीसगढ़ पहुंचने पर राजनांदगांव में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा उनका स्वागत किया गया। तमिलनाडु के मदुरई से अपनी दो पहिया बुलेट वाहन पर सवार होकर दिल्ली तक की 21 हजार किलोमीटर का सफर तय करते तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत की बागडोर सौंपने का संदेश लेकर निकाली राजलक्ष्मी मंदा मंगलवार को राजनांदगांव शहर पहुंची। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा उनका स्वागत किया गया। अपने सफर को लेकर राजलक्ष्मी मंदा ने कहा कि विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा नेतृत्व जरूरी है। उन्होंने कहा कि वह वोट फॉर नेशन-वोट फॉर मोदी का नारा देने निकली है।

# युगांतर पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल के होम एक्जाम के रिजल्ट घोषित हुए। कक्षा नर्सरी के एकेडमिक एचिवर्स पंखुड़ी ठाकुर, भाविशा जैन, अनैशा जैन, काशनी बघेल, ध्रुव भिमनानी, सायना भिमनानी, वेदासी रोय, आराध्या सरावगी, समिष्ठा अग्रवाल, वाणी गोलछा, समर खंडेलवाल रहे।

इसी तरह कक्षा केजी-वन के एकेडमिक एचिवर्स तृषनीत कौर चावला, कियारा बैद, त्रियान्श जैन, नियति सिंह, काश्वी जैन, जिनिशा बैद, अतिशय गुणधर, अबीर राज सिंग भाटिया, प्रीति साहू, नकिया सैफी, अमायरा खंडेलवाल रहे। केजी-टू के अकेडमिक्स अचिवर्स वेदांत जैन, शिवम चितलांग्या, ऋषिका भिमनानी, रियान पटेल, पलक अग्रवाल, मायरा जैन, मन्नत माखिजा, काश्वी लोहिया, दिविशा बैद, दिव्शा जैन, आन्या जेसूजा, शहबाजदीप सिंग गरचा, समरथ बोहरा, रिभव अग्रवाल, अविक डड्ढा, अद्विका रघताते, आरोही देवांगन, आहना शर्मा तथा कक्षा 1 के अकेडमिक अचिवर्स शार्वी कोठारी, भव्या अग्रवाल, अनिका शर्मा, अक्षज गोयल, रीत गोलछा, राजवीर सिंग भाटिया, धानी सोनछात्रा, मान्या पारख, अंशिका पारख, आरव कोठारी रहे।

कक्षा दूसरी में जैनब कुरैशी, पृषा चोपड़ा, अरना तलरेजा, अरिषा बोहरा, सिया खंडेलवाल, शब्दिता शर्मा, धैर्य राठौड़, शिवांश शर्मा, केनिशा डाकलिया, आराध्या तथा कक्षा तीसरी में अनाया मुनोत, मारिया अली, बनीत कौर धल्ला, आर्वी चोपड़ा, सुकृति बख्शी, खुशी डाकलिया, दानिका गुप्ता, आन्वी बंसल, नक्श बैद, वेदांत अग्रवाल, सान्वी खंडेलवाल, आन्वी चोपड़ा ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया।

कक्षा चौथी में आर्यन कांकरिया, अरना जैन, श्रेष्ठ चोपड़ा, आरोही कोठारी, पृषा राठौड़, तनिष्क पारख, अनाया अजीज, अरनिका पारख, अरना अग्रवाल, स्तुवी गोयल तथा कक्षा पांचवी में आकृति चंदेल, निरवि बरडिया, आराध्या जैन, ऋषिका झा, हरनूर कौर भाटिया, अर्नव जैन, लाइशा विवेक मिरानी, दर्शवीर सिंग भाटिया, आयरा अजीज, ब्रह्मज्योत कौर भाटिया ने होम एक्जाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 6वीं में धैर्य बागड़ी, ऋषा जैन, चैत्ररिका गुडे, मोहम्मद माज हुसैन, पूरब पारख, मनन सरावगी, नामिश खंडेलवाल, आरुष खंडेलवाल, वंशिका मोटलानी, अविका खंडेलवाल, इरा डाकलिया तथा कक्षा 7 में जशरूप कौर भाटिया, आसिफ, लक्ष्मी तेजवानी, प्रियल सोनी, लक्ष्य खंडेलवाल, प्रागित्य रूंगटा, सेजल घनसानी, शौर्य गुप्ता, शीतल महापात्रा, शताक्षी त्रिवेदी ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 8वीं में ओजस श्रीवास्तव, आहना उइके, सक्षम जैन, ईशानवी सारडा, लब्धि जैन, आन्वी शर्मा, वेदिक पटेल, तनीषी देवांगन, साकेत जिंदल, अभिज्ञान शुक्ला तथा कक्षा 9 में संजना बांधे, नैतिक लोहिया, प्रथम गोयल, एलिश महिलांग, स्पर्श अग्रवाल, जेडविक गुडे, गीतिका गोलछा, कृष्णा अग्रवाल, आरव गोयल, अनन्या अग्रवाल, राघव दम्मानी ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 11 में विपुल संजय सोमकुवर, मारिया खत्री, सिद्धार्थ महापात्रा, जिया अग्रवाल, वेन्या असाटी, मोनिका पाटले, संस्कृति सिंघानिया, अपर्णा मेहर, प्रीति राना, आयुष अग्रवाल ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया।




**गरिमामयी वातावरण में कार्यक्रम**

परीक्षा परिणाम वितरण का कार्यक्रम गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। अंक सूची वितरण के दौरान पालकों की काफी तादाद में उपस्थिति रही। संस्था में पालकों ने अपने बच्चों का एडमिशन बड़ी संख्या में भी कराया। अंक सूची वितरण के बाद विद्यार्थियों तथा उनके पालकों के लिए स्वादिष्ट स्वल्पाहार की व्यवस्था मैस इंचार्ज खूबचंद जोशी ने की थी। इस अवसर पर प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, अखराज कोटड़िया, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने बधाई संप्रेषित की है। परीक्षा परिणाम समारोह का संचालन ओजस्वी यादव ने किया।

## भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**खैरागढ़।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से खैरागढ़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कलस्टर प्रभारी राजेश मुणोत विधायक एवं पूर्व मंत्री की उपस्थिति में होगा। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, संयोजक राजनांदगांव लोकसभा मधुसूदन यादव, दिनेश गांधी, नीलू शर्मा सह-संयोजक, विक्रान्त सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कोमल जंघेल पूर्व विधायक, सचिन सिंह बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक और मूलचंद लोधी प्रभारी विधानसभा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। जिलाभाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, महामंत्री रामाधार रजक ने शनिवार दोपहर दो बजे श्री राम मंदिर परिसर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी जिला व मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, संयोजक व सह संयोजक, बूथ पदाधिकारी व कार्यकारणी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### ग्रामीणों को जरूरत के अनुसार सामान का वितरण

# सिविक एक्शन प्रोग्राम में कृषि यंत्रों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

नक्सल प्रभावित जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी में विवेक पांडेय सेनानी 27वीं के नेतृत्व में आईटीबीपी द्वारा नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ-साथ अंचल के जरूरतमंदों की हरसंभव सहायता के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम का लगातार आयोजन किया जाता रहा है।

जिसके तहत कैम्प लगाकर स्थानीय ग्रामीणों की जरूरत के अनुसार सामान का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आईटीबीपी द्वारा अपने अभियान क्षेत्र में ग्रामीणों के कृषि कार्य को सरल बनाने के उद्देश्य से 8 मार्च और 9 मार्च को मानपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले थाना औंधी के गांव डोंगरगांव एवं शारदा और थाना मदनवाडा के गांव रेतेगांव एवं भैसरटोला में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत उक्त गांवों के 207 गामीणों को कृषि यंत्रों का वितरण किया गया।



**लोगों को किया जागरूक**

इस अवसर पर सुनील कुमार कमान अधिकारी 27वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा ग्रामीणों से बातचीत की गई। जिसमें उन्हें कृषि के आर्गेनिक तरीके से अवगत करवाया तथा कृषि हेतु अधिक से अधिक जैविक खाद इस्तेमाल करने के महत्व के प्रति भी जागरूक किया गया। उनके द्वारा ग्रामीणों को कृषि में रासायनिक खाद के इस्तेमाल से फसल और उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभाव के बारे में अवगत करवाया गया।

**नशा के दुष्प्रभावों को बताया**

इसके साथ ही सुनील कुमार द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणों को नशे से संबंधित सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया तथा नशामुक्त सशक्त भारत बनाने हेतु शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनके बेहतर सुविधाओं के लिए भविष्य में भी सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत अन्य विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आईटीबीपी क्षेत्र में उनकी सेवा एवं सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और रहेगी। कार्यक्रम में शामिल होने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सीएम साय पहुंचे पारख निवास



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख के निवास गंज लाइन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शोक प्रकट करने पहुंचे। ज्ञात हो कि गत दिनों उनके छोटे भ्राता अजय पारख का निधन हो गया था।

यह खबर लगने पर मुख्यमंत्री ने खूबचंद पारख को फोन पर सांत्वना दी और कहा कि जब वे राजनांदगांव आएंगे तो घर जरूर आएंगे। आज कार्यकर्ता सम्मेलन के पश्चात मुख्यमंत्री साय सीधे ही गंज लाइन पहुंचे और पारख के परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, संतोष पांडे, सुरेश एच. लाल, रामजी भारती, राजेन्द्र गोलछा, राजेश अग्रहरि, किशुन यदु, मनोज चंदेल, पुरुषोत्तम तिवारी, हकीम खान, महेश साकुरे, रानू जैन, अभिषेक सेन, नेमी जैन, आशीष डोंगरे, मीनू जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सार समाचार

### होलिका दहन एवं ठंडी होली पूजन 24 को

**राजनांदगांव।** होली पर्व के तहत बालाजी मंदिर पुराना गंज चौक के पास ठंडी होली पूजन 24 मार्च को सुबह 9.50 बजे तक होगी। इसके पश्चात् सुबह 9.55 बजे से भद्रा लगेगा। होलिका दहन रात्रि 11.20 बजे होगा। इसके पूर्व रात्रि 8 बजे से हरिसत्संग भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### दो मामलों में 65 पौवा शराब जब्त

**खैरागढ़।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने शराब मामले में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर 65 पौवा शराब जब्त किया है। थाना प्रभारी खैरागढ़ प्रशिक्षु उपुअ प्रतिभा लहरे के नेतृत्व में थाना खैरागढ़ में अवैध शराब एवं जुआ, सट्टा के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 21 मार्च को थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले कोचियों के विरूद्ध अभियान के तहत अधिक मात्रा में अवैध शराब बिक्री करने हेतु लालपुर तिराहा पुलिया के पास अवैध शराब रखने की सूचना पर थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा टीम बनाकर मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई में आरोपी धर्मेन्द्र पाल पिता त्रिलोचन पाल 21 साल साकिन साल्हेभर्री थाना खैरागढ़ को अवैध शराब बिक्री हेतु रखे पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2560 रुपए को जब्त किया गया। इसी क्रम में रेड कार्रवाई में आरोपी विजय वर्मा पिता संजू वर्मा 20 साल साकिन ग्राम रेंगाकठेरा ओपी जालबांधा थाना खैरागढ़ को अवैध शराब बिक्री हेतु रखे पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 33 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2640 रुपए एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त बाईक को जब्त किया गया।

### कुकर्म का आरोपी पकड़ाया

**साल्हेवारा।** कुकर्म करने के मामले में पतासाजी करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थिया उम्र 24 वर्ष ने 20 मार्च को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 मार्च को प्रार्थिया शादी कार्यक्रम में अपने नाना के घर गई थी। 10 मार्च को रात्रि करीब 9 बजे गांव का आरोपी नंदकुमार जामेवार प्रार्थिया को घर के पीछे बाड़ी में ले जाकर जबर्दस्ती दुष्कर्म किया है। रिपोर्ट पर थाना साल्हेवारा में धारा 376 भादस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

**पुलिस ने की कार्रवाई-** इस मामले में वरिष्ठ अधिकारी के मार्गदर्शन में आवश्यक विवेचना कार्रवाई करते आरोपी नंदकुमार जामेवार को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। पश्चात आरोपी नंदकुमार जामेवार पिता बाबूराम 32 वर्ष के विरुद्ध अपराध साक्ष्य पाए जाने से 22 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### सम्मेलन में साहू समाज का अपमान निंदनीय



**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने पंडरिया में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में साहू समाज के अपमान पर निंदा व्यक्त करते कहा कि कवर्धा जिले के पंडरिया मुख्यालय में भाजपा पार्टी द्वारा वर्तमान चुनाव हेतु कार्यकर्ता सम्मेलन 21 मार्च को आयोजित की गई थी। जिसमें भाजपा के कुछ नेता द्वारा पंडरिया में साहू समाज के लोगों व नेताओं को घोर अपमानित कर सामाजिक रूप से गाली-गलौज किया। इसकी हम निंदा करते हैं, यह सोची समझी साजिश है, जिस पर साहू समाज के लोग काफी आक्रोशित है। वहीं कार्यक्रम स्थल पर धरना देते सामाजिक अपमान करने वाले भाजपा नेता पर कार्रवाई की मांग कर रहे है। यह अपमान पूरे साहू समाज का अपमान है। श्री साहू ने कहा कि आयोजन के जिस मंच पर प्रदेश के गृहमंत्री एवं सांसद प्रत्याशी, वर्तमान विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री जैसे लोग बैठे थे, जिनके इशारे में इन आरोपियों ने दबंगई के साथ दादागिरी करते समाज के लोगों को भय दिखाकर एवं डराने का कार्य किया है। जिससे साहू समाज के ऊपर लगाए गए लांछन उससे पूरे छत्तीसगढ़ के समाज के लोग घटना को सुनकर आहत है। जिला साहू संघ राजनांदगांव उक्त घटना को संज्ञान में लेकर पूरी घटना की निंदा करते हैं और जिला साहू संघ कवर्धा जिला के पंडरिया में यह घटना हुई, हम उस घटना की निंदा करते आरोपियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं। मांग पूरा नहीं होने पर राजनांदगांव जिला साहू संघ जिला मुख्यालय से लेकर तहसील मुख्यालय में उग्र आंदोलन करेंगे।

### हर्बल गुलाल की प्रदर्शनी



**राजनांदगांव।** कानफ्लुएंस कॉलेज के एमओयू गतिविधि के अंतर्गत राजनांदगांव के दिग्विजय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में होली पर्व के उपलक्ष्य में कानफ्लुएंस महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्व-निर्मित हर्बल गुलाल तथा क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान दिग्विजय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने प्रदर्शनी की सराहना करते कहा कि कानफ्लुएंस महाविद्यालय सदैव ही अपने विद्यार्थियों को हर्बल वस्तुएं एवं स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए अभिप्रेरित करता है एवं प्रशिक्षित कर विद्यार्थियों के स्वरोजगार को बढ़ावा देने सदैव तत्पर रहता है। साथ ही विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने प्रयास करता रहता है। इस पर कानफ्लुएंस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में कौशल का विकास होता है। विद्यार्थी स्वरोजगार के लिए प्रेरित होते हैं एवं भविष्य में एक सफल उद्यमी बन सकते हैं।

### साइंस ओलंपियाड के दूसरे दौर में गायत्री विद्यापीठ अव्वल



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित दूसरे चरण की परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। जिसमें सभी छात्रों को रैंक के आधार पर सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से अविरल अग्रहरि जोनल रैंक 45, कक्षा सातवीं से कुमकुम साहू जोनल रैंक 32, कक्षा पांचवी से गुरविंद साहू, कक्षा चौथी से हर्ष शर्मा, कक्षा तीसरी से हर्ष साहू, कक्षा 8वीं से देविका शेंडे, कक्षा 7वीं से साक्षी चंद्राकर ने उल्लेखनीय स्थान बनाया। उक्त विद्यार्थियों ने विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह सफलता अर्जित कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है।
शाला की प्राचार्य वत्सला अय्यर के मार्गदर्शन में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम द्वारा विद्यार्थियों को विविध विषय से जुड़े आईएमओ ओलंपियाड का गहन अभ्यास करवाया गया, जहां प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों द्वारा उक्त परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की जा रही है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर उनके माता-पिता द्वारा प्राचार्य वत्सला अय्यर, उप प्राचार्य रश्मि ठाकुर, एसओएफ प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष संतु गुप्ता, बसंत वर्मा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष सुनील गुप्ता, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष मेलकम दास, हिन्दी विभागाध्यक्ष उषा झा, उर्मिला मिश्रा एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, हरीश गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### सभी अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे तैनात

# संभागायुक्त ने एमसीएमसी के मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टोरेट के प्रथम तल में स्थित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) के मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थित थे। संभागायुक्त राठौर ने इलेक्ट्रानिक मीडिया इकाई, प्रिंट मीडिया इकाई, सोशल मीडिया इकाई का निरीक्षण किया। संभागायुक्त ने कहा कि निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक करेंगे और ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उन्होंने मीडिया सेंटर में संधारित पंजी का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, उप संचालक जनसंपर्क एवं सचिव एमसीएमसी डॉ. उषा किरण बड़ाईक, सहायक सूचना अधिकारी प्रवीण रंगारी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

#### आधार कार्ड अपडेट की ली जानकारी

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय एवं लोकसेवा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल उपस्थित थे। उन्होंने लोकसेवा केन्द्र में जनसामान्य से रूबरू हुए और आधार कार्ड अपडेट कराने पहुंचने वालों से बात कर जानकारी ली। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय में संधारित पंजी का अवलोकन किया और वहां विभिन्न शाखाओं में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## शांति समिति की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** होली त्यौहार के मद्देनजर कोतवाली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कहा गया कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के नेतृत्व में राजनांदगांव पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। वहीं बेसिक पुलिसिंग अंतर्गत शांति व्यवस्था हेतु लगातार कार्रवाई कर अपराध नियंत्रण की कार्रवाई एवं शाति व्यवस्था स्थापित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू द्वारा आगामी 25 मार्च को होली त्यौहार के मद्देनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण होली के उद्देश्य से आज थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं पार्षदगण का थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिससे होली त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने संबंधी आवश्यक विचार-विमर्श कर विगत वर्ष होने वाले परेशानियां के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया व सभी से शांतिपूर्वक होली त्यौहार मनाने संबंधी थाना प्रभारी द्वारा आग्रह किया गया।

## पुलिस अलर्ट, शराब मामले में ताबड़तोड़ कार्रवाई

**राजनांदगांव।** होली पर्व एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अलर्ट है। जिसके तहत अवैध रूप से शराब बिक्री करने, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन कराने सुविधा उपलब्ध कराने के मामलों में पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ा है।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव और होली त्यौहार को मद्देनजर रखते कानून व्यवस्था कायम रखने हेतु अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्रवाई करने तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देश किया गया था।

#### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई

जिसके तहत 21 मार्च को थाना घुमका, लालबाग, बसंतपुर एवं ओपी तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा 34 (1) आबकारी एक्ट के कुल 4 प्रकरण में 4 आरोपी एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने एवं पिलाने की सुविधा मुहैया कराने वालों के विरूद्ध 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत थाना डोंगरगढ़, बोरतलाव, कोतवाली एवं ओपी सुरगी, चिखली पुलिस द्वारा 8 प्रकरण में 8 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई कर उनके कब्जे से 10.98 लीटर देशी प्लेन शराब एवं 4 लीटर कच्ची महुवा शराब एवं बिक्री रकम 550 रुपए जब्त की गई। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध थाना गैंदाटोला, डोंगरगढ़, घुमका, कोतवाली, छुरिया, बसंतपुर एवं ओपी चिखली, जोब, सुरगी पुलिस द्वारा 151/107, 116 के तहत 10 प्रकरणों में 18 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## संदिग्धों व वाहनों पर पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



लोकसभा चुनाव और होली त्यौहार को लेकर पुलिस द्वारा लगातार वाहनों एवं संदिग्धों की जांच की जा रही है। जिसके तहत यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने के मामले में 155 प्रकरण में कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव, होली और रमजान को देखते अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखें और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग, शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। जिसके तहत थाना बागनदी, डोंगरगढ़, कोतवाली, ओपी चिचोला, चिखली, सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा द्वारा 21 मार्च को आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु, व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के कुल 155 प्रकरण में 50,600 रुपए समंस शुल्क वसूल कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया गया।

### लिटिया में वैदिक होलिका दहन

**राजनांदगांव।** गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा 24 अप्रैल को रात्रि में मां पंचगव्य गौशाला ग्राम लिटिया राजनांदगांव में भव्य वैदिक होलिका दहन का आयोजन किया जाएगा। वैदिक होलिका दहन प्राचीन भारतीय परंपराओं के अनुसार होगी। जिसमें गोमय कंडे, गौघृत के दीप, औषधीय लकड़ी का उपयोग किया जाएगा। वैदिक होलिका दहन से लेकर होली के रंग तक के उपयोग में पर्यावरण सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य को ध्यान में रखा जाएगा। संस्था द्वारा नागरिकों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## महिला मंडल ने मनाया होली




**राजनांदगांव।** स्थानीय माहेश्वरी भवन में महिला मंडल द्वारा इस वर्ष होली उत्सव कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस और डांस का प्रोग्राम आयोजित किया गया। फैंसी ड्रेस का थीम देश की महान नारियों के रूप में प्रस्तुति देनी थी। जिसमें महिला मंडल के सभी आयु वर्ग से महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीनियर ग्रुप में अमिता मूंदड़ा-द्रौपदी, राधा लड्ढा-अहिल्याबाई होलकर, अनुपम सदानी-सरोजिनी नायडू, सरला राठी-झांसी की रानी, वहीं जूनियर ग्रुप में बिंदु बागनी-तीजनबाई, गीतिक चितलांगिया-स्मृति ईरानी, सोनल लड्ढा-सावित्रीबाई फुले, प्रियंका भट्टर-झांसी की रानी, वसुधा लड्ढा-वंदनी माता भगवती देवी और कुसुम गांधी-किरण बेदी की वेशभूषा में प्रस्तुति दी। सीनियर ग्रुप में राधा लड्ढा को प्रथम, अमिता मूंदड़ा को द्वितीय एवं जूनियर ग्रुप में वसुधा लड्ढा प्रथम एवं बिंदु बागानी और सोनल लड्ढा को द्वितीय पुरस्कार मिला। राधा-कृष्ण थीम नृत्य में तोशिका बागानी एवं कुसुम गांधी को विशेष पुरस्कार मिला। साथ ही होली थीम में आई पिंकी धूत को होली मीन का पुरस्कार मिला। अध्यक्ष दीपा बागड़ी, सचिव अनिता चितलांग्या, कोषाध्यक्ष सीमा डागा द्वारा फूलों की वर्षा सहित गुलाल से रंग लगाकर महिला मंडल को होली पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संचालन सांस्कृतिक मंत्री रुपाली गांधी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी, संरक्षक सरस्वती लोहिया, सांस्कृतिक मंत्री सुषमा राठी, जिला अध्यक्ष विनीता डागा, जिला सचिव प्रीति चितलांग्या एवं स्थानीय टीम से उपाध्यक्ष विमला लड्ढा एवं वर्षा डागा, सहसचिव सरिता डागा, पूर्व अध्यक्ष शिला गांधी एवं नेमा लोहिया सहित कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन में स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पिंकी धूत ने दी।

### नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

**खैरागढ़।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने पर 14 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

जिले के सभी थाना व चौकी के थाना प्रभारी के नेतृत्व में अपने-अपने थाना क्षेत्र में चेकिंग पाईंट लगाकर मोटर व्हीकल एक्ट कार्रवाई किए जाने के दौरान कुल 14 व्यक्तियों को शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने से उनके विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई किया गया। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा आम जनता से होली त्यौहार को शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्वक व दुर्घटना रहित त्यौहार मनाने की अपील की है तथा शराब पीकर वाहन, तीन सवारी, स्टंट, रफ ड्राइविंग, मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन चलाते पाए जाने वाले व्यक्तियो पर कड़ी कार्रवाई करने के भी संकेत दिए गए हैं।

## बिना मनोरंजन कर पटाए रिसोर्ट में ली जा रही है नाच गाने के लिए अनुमति

**मोहला।** महाविद्यालय तथा अन्य कक्षाओं के लोकल परीक्षा एवं लोकसभा चुनाव के आचार संहिता में धारा 144 पारित होने के बीच बिना किसी तरह का मनोरंजन कर पटाए शहर के एक रिसोर्ट में बीते साल की भांति इस वर्ष भी डीजे की धुन और बाउंसरों की उपस्थिति में नाच-गाने के लिए मनमाने दर पर टिकट बेची जा रही है। जिसके लिए बकायदा प्रशासन लाउडस्पीकर के नाम पर परमिशन देते आ रही है और शहर में फुहडता परोसी जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर के ठीक पीछे स्थित मिलिंद रिसोर्ट में बिना किसी तरह के मनोरंजन कर आबकारी विभाग को पटाए महाविद्यालय तथा अन्य लोकल वार्षिक परीक्षा के बीच कन्या शिक्षा परिसर कैंपस के पीछे रंग दे होली के नाम पर 23 मार्च को फिर से कार्यक्रम आयोजित की गई है। विवादित इस कार्यक्रम को लेकर बताया गया कि रिसोर्ट में तय कार्यक्रम को लेकर प्रशासन लाउडस्पीकर का पिछले साल परमिशन दी हुई थी। जिसके आधार पर प्रशासनिक अधिकारियों के मौजूदगी में हाई पावर डीजे की धुन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस वर्ष भी होली के नाम पर 27 सौ 499, 299, की दर पर टिकट बेची जा रही है। आयोजकों द्वारा साउंड सिस्टम के लिए पुनः एसडीम कार्यालय से परमिशन लेने धारा 144 के बीच आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसको लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में लोगों ने आपत्ति दर्ज की है।

#### लाउडस्पीकर की अनुमति, बजेगा पावर जोन

लोकसभा के चुनाव के मद्देनजर 144 धारा पारित होने के साथ हाई साउंड डीजे प्रतिबंधित है। आयोजकों के आवेदन पर एसडीएम भुआर्य ने पिछले वर्ष की तर्ज पर लाउडस्पीकर की अनुमति दी है, परंतु बताया गया कि रिसोर्ट में नाच गाने के लिए डोंगरगढ़ की हाई पावर जोन डीजे बाउंसरों के साथ बुक कराया गया है।

#### बेची जा रही है पास के नाम पर टिकट


पिछले वर्ष कि तर्ज पर बिना किसी तरह का मनोरंजन कर पटाए नगर पालिका क्षेत्र अंबागढ़ चौकी के भीतर आयोजक 27 सौ, 499 तथा 299 के दर पर रंग दे होली के नाम पर मनमाने दर पर टिकट बेच रहे हैं।









## खबर संक्षेप

### पाण्डातराई में होली त्यौहार को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित



**पाण्डातराई।** पाण्डातराई थाना परिसर में शांति समिति का बैठक में आगामी होली त्यौहार के लिए रखा गया था, जिसमें शांतिपूर्वक होली का त्यौहार मनाने किसी प्रकार का कोई हो हुल्लड ना करते आपसी भाईचारा के साथ मनाने को कहा गया, एसआई रघुवंशी पाटिल, सरवन चंद्रवंशी, मार्तन चंद्रवंशी, नप अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, व्यापारिक संघ अध्यक्ष विजय गुप्ता, त्रिलोचन सलूजा, पुष्कर लहँगीर, कालू सलुजा, इमरान खान, प्रदीप जायसवाल, फूलचंद, विश्वनाथ, सहित नगरवासी उपस्थित जनों व गणमान्य नागरिकों को होली पर्व को सौहाद्र और शांति पूर्ण ढंग से मनाने की बता कहीं और उत्पाद मचाने वाले के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किया जाएगा।

### ओपन स्कूल परीक्षा 6 तक

**गंडई पंडरिया।** कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा मंडल ने कक्षा 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षा के लिए केंद्र बनाया है। बीते 9 मार्च से परीक्षा आरंभ हो चुकी है। अब तक 12 वी के 7 एवं 10वी की 5 पेपर हो चुके हैं। 10 वी के 83 में से 6 परीक्षार्थी लगातार अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार 12 वी के 65 में 6 अनुपस्थित है। केन्द्राध्यक्ष पवन ददरिया ने बताया कि परीक्षा 6 अप्रैल तक चलेगी।

### शिविर में सामानों का वितरण

**टाटेकसा।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने कोठीटोला में 22 मार्च को जन कल्याण कैंप का आयोजन किया। कैंप में कृषि उपकरण जैसे गैती, फावड़ा, खुर्पी, सिलाई मशीन, सिंटेक्स पानी टंकी, वाटर फिल्टर आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस बल के कमाडेंट सिद्धार्थ कुमार, अशोक कुमार, उप कमाडेंट ज्ञानचंद, उदित नारायण, अजय कुमार, राजन कुमार, राजकुमार धुर्वे, हाई स्कूल प्रभारी बीएल आचले, ग्राम प्रधान दिलीप चंद्रवंशी, गेंदूराम कंवर मौजूद थे। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित किया।

### कीचड़ से परेशानी

**डोंगरगढ़।** ब्लाक के ग्राम जामरी के वार्ड 3 और 4 कीचड़ से लथपथ रहते है। वार्डवासी इस संबंध में पंच, सरपंच से कई बार शिकायत कर चुके है लेकिन बीते 3 साल में किसी ने ध्यान नहीं दिया। गांव की गली में हमेशा कीचड़ देखा जाता है। ग्रामीणों को कीचड़ लांघते हुए आना जाना करना पड़ता है।

### बांसुला में मनाया बलिदान दिवस

**ठेलकाडीह।** ग्राम बांसुला में 20 मार्च को रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। सामाजिक बंधुओं ने रानी अवंती बाई लोधी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके समाज के उमन वर्मा, जितेंद्र वर्मा, गिरवर वर्मा, मनोज वर्मा, तेजस्वी वर्मा, बहाल वर्मा, मुकेश वर्मा, दीपक वर्मा, राम अवतार वर्मा, देवेंद्र वर्मा, धनीराम वर्मा, उदित नारायण वर्मा, खिलावन वर्मा, देव कुमार वर्मा, प्रेमलाल वर्मा आदि उपस्थित थे।

### शोभायात्रा के साथ कथा का समापन

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी के धाम में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। बुधवारी पारा में कथा का समापन होने पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। अब तक महाप्रसादी का वितरण किया गया।




---

## विज्ञापन प्रसारण के पहले एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणन आवश्यक

# कलेक्टर ने केबल एवं टीवी चैनल ऑपरेटर की ली बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत केबल ऑपरेटर एवं टीवी चैनल ऑपरेटर की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि केबल एवं टीवी चैनलों में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रसारण करने के पहले जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से पूर्व प्रमाणन कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी, संगठन, संघ या व्यक्तियों का समूह द्वारा किसी भी प्रकार के विज्ञापन केबल एवं टीवी चैनल में प्रसारित करने से पहले केबल ऑपरेटर एवं टीवी चैनल ऑपरेटर को जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से अनुमति लेना आवश्यक होगा।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं केबल ऑपरेटर उपस्थित थे।



### एमसीएमसी से प्रमाणन जरूरी

उन्होंने कहा कि विज्ञापन के कंटेन्ट में किसी जाति, धर्म, सम्प्रदाय, वर्ग विशेष से संबंधित आलोचना एवं उसके विरूद्ध विज्ञापन नहीं होना चाहिए। जिससे सामाजिक सौहाद्र्र पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो। ऐसे कंटेन्ट पाए जाने पर संबंधित केबल ऑपरेटर एवं टीवी चैनल ऑपरेटर पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी विज्ञापन केबल एवं टीवी चैनल में देने के पहले जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से विज्ञापन का प्रमाणन कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि वीडियो, ऑडियो किसी भी प्रकार का विज्ञापन हो एमसीएमसी द्वारा विज्ञापन प्रमाणन होने के बाद ही केबल एवं टीवी चैनलों में प्रसारित करने कहा।

---

# अवैध शराब बिक्री के आरोपी को लोहारा पुलिस ने दबोचा



- आरोपी के कब्जे 30 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 24 सौ रूपए किया गया जप्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा समस्त थाना चौंकी प्रभारियों को अवैध शराब, सट्टा पट्टी, जुआ व अन्य गतिविधियों पर अंकुश लगाने थाना प्रभारी लालमन साव एवं चौकी रणवीरपुर प्रभारी उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी द्वारा चौकी-थाना क्षेत्रांतर्गत लगातार आबकारी एक्ट के विरूद्ध कार्यवाही की गई। जिस पर विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर गुरूवार को बाजार चौक गौरमाटी मे घेराबंदी कर मुखबिर के बताएं हुलिया व नाम के व्यक्ति आरोपी मुंशी ऊर्फ मंशा बघेल पिता महेतरू राम बघेल आयु 42 वर्ष निवासी मगरवाह थाना चौकी रणवीरपुर के कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन मदिरा प्रत्येक शीशी मे 180 एमएल भरी हुई एक सफेद हरा रंग के प्लास्टिक थैला मे कीमती 24 सौ रूपए को मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया।

वहीं आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से विधिवत कार्यवाही कर थाना सहसपुर लोहारा मे अपराध क्रमांक 82/24 आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को जेल भेजा गया।

---

# डाक मतपत्र, ईडीसी व ईटीपीबीएस से मताधिकार कराने अधिकारी-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

- डाकमत पत्र से मताधिकार प्रयोग करने के संबंध में विस्तृत जानकारियों दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में डाक मतपत्र, ईडीसी एवं ईटीपीबीएस से मताधिकार का प्रयोग कराने के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ों उपतिस्थत थें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदानकर्मियों के डाकमत पत्र से मताधिकार प्रयोग करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सेवा निर्वाचकों को ईटीपीबीएस पोर्टल से डाक मतपत्र जारी करने की विधि बताई। उन्होंने अच्छे से रजिस्टर में एण्ट्री तथा निर्धारित प्रारूप में फार्म भरवाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाक मतपत्र के लिए प्रशिक्षण केन्द्रों में सुविधा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने निर्वाचन कार्य में तैनात पुलिस विभाग के कर्मचारी के लिए भी डाक मतपत्र जारी करने कहा। उन्होंने निर्वाचन के दौरान लगे वाहनों के ड्राईवर एवं अन्य कर्मचारियों का भी डाक मतपत्र जारी करने कहा।

---

# बोड़ला महाविद्यालय में विश्व जल दिवस कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला




शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में भूगोल विभाग के तत्वावधान में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजन किया। जिसमें जल संरक्षण, जीवन संरक्षण, विषय पर परिचर्चा के साथ हुई। मुख्य वक्ता के रूप में विभागाध्यक्ष भूगोल उमेश पाठक, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र राकेश कुमार गौतम तथा विभागाध्यक्ष वाणिज्य योगेश ध्रुव रहे। उमेश पाठक, भूगोल विभाग ने जल के महत्व और उपयोगिता पर विशेष चर्चा किया। उन्होंने जल संरक्षण के लिए वर्षा जल को 100 प्रतिशत सहेजना तथा उपलब्ध जल का इष्टतम उपयोग करने का मंत्र दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता निभाई एनएसएस के स्वयंसेवक सतीश ने मंच संचालन किया। विद्यार्थियों ने परिचर्चा के दौरान प्रत्येक प्राणी, वनस्पति और विश्व के लिए जल के महत्व को बताते हुए अपनी बातें रखी। परिचर्चा के उपरांत सभी विद्यार्थियों में जल के उचित उपयोग, वर्षा जल को सहेजने की प्रतिज्ञा ली साथ ही साथ अपने आस-पास के सभी लोगों को जल संरक्षण अभियान के लिए जागरूक करने का शपथ लिया। इस कार्यक्रम में पुखराज भारद्वाज, पूर्वेश बांधव एवं प्रिया राठौर सहित कॉलेज स्टाफ का सहयोग रहा। अंत में स्वच्छ पेयजल,पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ दिया गया।

---

# स्कूली छात्रों को कागज से कई आकर्षक शिक्षण सामग्री खिलौने बनाना सिखाया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में गुरुवार को हुनर का झोला कार्यक्रम आयोजन किया गया जिमें स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा कागज से कई आकर्षक शिक्षण सामाग्री का निर्माण कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों को रचनात्मक व तर्क शक्ति विकसित होगी तथा रुचि बने रहेगी। इस हुनर का झोला कार्यक्रम छात्रओं को विज्ञान तथा गणित के प्रति रुचि पढ़ रही है, वहीं विद्यार्थियों का दिमाग बहुत तेज गति से बढ़ेगी। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक सिद्धराम पाटिल, प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, कौशल खान्डे, युगल साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

---

# सीएम साय पहुंचे पारख निवास



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख के निवास गंज लाइन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शोक प्रकट करने पहुंचे। ज्ञात हो कि गत दिनों उनके छोटे भ्राता अजय पारख का निधन हो गया था।

यह खबर लगने पर मुख्यमंत्री ने खूबचंद पारख को फोन पर सांत्वना दी और कहा कि जब वे राजनांदगांव आएंगे तो घर जरूर आएंगे। आज कार्यकर्ता सम्मेलन के पश्चात मुख्यमंत्री साय सीधे ही गंज लाइन पहुंचे और पारख के परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, संतोष पांडे, सुरेश एच. लाल, रामजी भारती, राजेन्द्र गोलछा, राजेश अग्रहरि, किशुन यदु, मनोज चंदेल, पुरुषोत्तम तिवारी, हकीम खान, महेश साकुरे, रानू जैन, अभिषेक सेन, नेमी जैन, आशीष डोंगरे, मीनू जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सिविक एक्शन प्रोग्राम में कृषि यंत्रों का वितरण

**मानपुर।** नक्सल प्रभावित जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी में विवेक पांडेय सेनानी 27वीं के नेतृत्व में आईटीबीपी द्वारा नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ-साथ अंचल के जरूरतमंदों की हरसंभव सहायता के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम का लगातार आयोजन किया जाता रहा है। जिसके तहत कैम्प लगाकर स्थानीय ग्रामीणों की जरूरत के अनुसार सामान का वितरण किया जा रहा है।

---

# विद्युत खंभे, लाइन एवं ट्रांसफार्मर के निकट न करें होलिका दहन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा होलिकोत्सव के पर्व को दृष्टिगत रखते मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को विशेष जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समुचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में संपूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने विद्युत उपकेन्द्रों, खंबों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट होलिका दहन न करने की समझाईश दी गई है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव जिले के उच्चाधिकारियों द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता एवं शालीनतापूर्वक रंगोत्सव विद्युत कंपनी सहित सभी के लिए हितकारी होगा।विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों ने बताया कि होलिकोत्सव पर अवकाश होने के बावजूद बिजली संबंधी शिकायतों के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण करने वितरण कंपनी के कॉल सेंटर, फ्यूज आफ कॉल सेंटर सामान्य दिनों की भांति क्रियाशील रहेंगे।

---

## राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी युवा कांग्रेस बिंदिया बनर्जी की उपस्थिति में बैठक हुई

# कवर्धा विधानसभा का आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कवर्धा विधानसभा युवा कांग्रेस का गुरूवार को शाम 4 बजे बैठक शहर कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में आयोजित की गई। जिसमें समस्त अतिथियों का सूत की माला से भव्य स्वागत के साथ नाराबाजी करते हुए सिग्नल चौक से कांग्रेस राजीव भवन पहुंचे जिसमें महत्त्वपूर्ण बात लोकसभा चुनाव को लेकर सबकी भागीदारी बूथ में जाकर मतदाता से आशीर्वाद लेकर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए काम करनें का संकल्प पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा लिया गया।

वही युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि एक ही लक्ष्य जीतेंगे राजनांदगांव को लेकर अपने-अपने गांव शहर में सत्य निष्ठा से काम करने हेतु कमर कसने की बात कही गई। पूरी ईमानदारी से काम करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा के एक-एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता जीजान लगाकर भूपेश बघेल के लिए कोई कसर नही छोड़ेगे।

कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से मानव देशमुख प्रदेश महासचिव समन्वयक राजनांदगांव लोकसभा, अनूप वर्मा प्रदेश सचिव समन्वयक राजनांदगांव लोकसभा, जिला सह प्रभारी प्रदेश सचिव पवन तिवारी, कवर्धा समन्वयक अश्वनी वर्मा, आकाश केसरवानी, वीरेंद्र जांगड़े, बृजेश कौशिक, नारद चंद्रवंशी, धनराज वर्मा, सुभाष जायसवाल, जितेंद्र लहरे, माधवेश चंद्रवंशी, लक्ष्कुमार वर्मा, अंजू राम पटेल, देव चंद्रवंशी, सुरेश पटेल, विष्णु सिंह नेताम, रामगोपाल वर्मा, हेमंत ठाकुर, कीर्ति केसरवानी, तमन्ना मेहर, रीना कारुणिक,अयोध्या साहू, बसंत जायसवाल भूखनलाल रजक, विजय कुमार साहू सहित सैकड़ो की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थें।




## पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### 25 मार्च होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा 25 मार्च को होली पर्व पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है, शुष्क दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले में संचालित देशी व विदेशी, कंपोजिटी मदिरा दुकानें, एफएल (3) ग पर्यटन बार तथा मद्य भण्डारण भाण्डागार 25 मार्च को पूर्णतः बंद रखे जाने के लिए आदेशित किया गया है।

### पक्षियों के प्रति जागरुकता के लिए मनाया गौरैया दिवस

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल बैरख में 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने बताया कि विश्व गौरैया दिवस को गौरैया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसके अलावा ये शहरी वातावरण में रहने वाले आम पक्षियों के प्रति जागरूकता लाने के लिए भी मनाया जाता है। व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर ने कहा कि दुनियाभर में हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है, ताकि इन सामाजिक चहकती पक्षियों को बचाने के लिए लोगों और देशों में जागरूकता बढ़ाई जा सके, जो विलुप्त होने कगार पर है। गौरैया दिल्ली की राजकीय पक्षी है। इसकी संरक्षण की अति आवश्यकता है ताकि इसको बचाया जा सके। इस अवसर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**अनदेखी:** उचित प्रशासनिक कार्यवाही व समझाईस की जरूरत

# ट्रैक्टर में डबल ट्राली, छोटी बड़ी सड़क हादसे को दे रहे न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

प्रदेश में भारी मात्रा में गन्ना फसल की उत्पादन के लिए मशहूर है वहीं शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के किसानों द्वारा हरा सोना कहे जाने वाले गन्ना फसल को लेकर शहर व अंचल के किसान अपनी गन्ना फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर शक्कर कारखाना व गुड़ उद्योग पहुंच रहें है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर व अंचल क्षेत्र के किसानों की भारी लापरवाही व अनदेखी सामने आ रही है। जिसमें लगातार ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना फसल से लदी डबल-ट्रीपल ट्राली फंसाकर गन्ना किसानों द्वारा कारखाना पहुंच रहें है जो राहगीरों के लिए छोटी-बड़ी हादसा को न्योता दे रहा है।

वहीं शासन प्रशासन व जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली सड़कों पर रेलगाड़ी की तरह आसानी सें नजर आते है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी व कार्यवाही नहीं होने के कारण किसानों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे है। जिस पर ग्रामीणों व राहगीरो नें शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने ट्रैक्टर-ट्रॉली में डबल व ट्रीपल ट्राली वाहन चालकों पर कड़ी कार्यवाही कि मांग की गई है, ताकि आवागमन सुगम व सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकें।

### जिम्मेदारों की उदासीनता, कार्यवाही नहीं



शासन प्रशासन एवं जिम्मेदारों की अनदेखी व उदासीनता के कारण कार्यवाही शून्य। वहीं भारी वाहनो की संघन चेकिंग व रुकवा कर लाइसेंस व अन्य चेकिंग किया जाता है, लेकिन गन्ना से लदी डबल-ट्रीपल ट्रैक्टर ट्रॉली वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती बल्कि खुलेआम सड़कों पर दौड़ रही है साथ ही साथ छोटी-बड़ी सड़क हादसे को न्योता दे रहा है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है साथ ही साथ दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको को भारी परेशानियों सामना करना पड़ रहा है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली में रेडियम पट्टी लगाने व अनदेखी से हो रहे सड़क हादस

यातायात पुलिस प्रशासन द्वारा शहर सहित जिलेभर में यातायात व्यवस्था सुचारु करने के अभाव व अनदेखी साथ ही साथ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रेडियम रिफ्लेक्टर पट्टी लगाने तथा ट्रैक्टर ट्रॉली के पिछे में लाल रंग की कपड़ा तथा अन्य निसान के अभाव में लोग सडक हादसे का शिकार हो रहें है।



# चाकू से हमला करने वाले आरोपी को कवर्धा पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिलें में पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार अपराध व अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना चौकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिस पर को प्रार्थी अमन कुर्रे पिता हरी आयु 24 वर्ष निवासी घुघरी रोड़ अटल आवास कवर्धा जो कि मिनीमाता चौक के पास चखना दुकान रोज की तरह संचालित किया जा रहा था वहीं गुरूवार की शाम लगभग 5 बजे आरोपी सोहेल खान निवासी कवर्धा द्वारा सिलोशन की नशें में धुत द्वारा प्रार्थी अमन कुर्रे की संचालित दुकान पर आया। जिसपर प्रार्थी द्वारा नशा करने से मना करने पर आरोपी सोहेल खान हत्या करने के नियत से धारदार चाकू से प्रार्थी के गला में वार कर दिया। वहीं प्रार्थी द्वारा जैसे तैसे अपनी जान बचाकर भागने लगा साथ ही आरोपी दौडाकर प्रार्थी के पीठ में दो-तीन बार हत्या करने की मंशा से वार किया। जिसकी सूचना कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस नें घटना की सूचना मिलने पर थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 221/24 धारा 307, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है, आरोपी की पतासाजी कर आरोपी को जेल भेजा गया।

# मंदिर में चोरी व चोरी किए सामान क्रय के आरोपी कवर्धा पुलिस के गिरफ्त में

■ आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सामान थाली, लोटा एवं कटोरी बरामद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा पुलिस ने मंदिर में चोरी व चोरी किए गए सामान आरती थाली, लोटा व कटोरी क्रय के आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। जिस पर प्रार्थी प्रांजल तिवारी पिता मन्नु तिवारी आयु 21 वर्ष निवासी कबीरपारा कवर्धा द्वारा मंगलवार को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि पिपलेश्वर महादेव मंदिर करपात्री चौक कवर्धा से कोई अज्ञात व्यक्ति तांबे की आरती थाली, तांबे का लोटा, भोग लगाने की कटोरी चोरी कर फरार हो गया है। कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना कवर्धा में तत्काल अपराध क्रमांक 220/2024 धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध कर पतासाजी करने पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अति पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी की पतासाजी के लिए पुलिस टीम द्वारा टीम गठितकर रवाना किया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसी टीवी फुटेज एवं आसपास पतासाजी दौरान पता चला कि अपचारी बालक द्वारा मंदिर में चोरी करना पाया गया।



जिसे विधिवत पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करना एवं चोरी किए गए सामान को कबाड़ी का धंधा करने वाले आरोपी बाबु खान उर्फ इमरान खान पिता कमालुद्दीन खान आयु 49 वर्ष निवासी नवाब मोहल्ला कवर्धा के पास विक्रय करना बताया जिन्हे अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी गए सामान को खरीदने की बात स्वीकार किया है। प्रकरण में आरोपी बाबू खान उर्फ इमरान खान पिता कमालुद्दीन खान आयु 49 वर्ष एवं अपचारी बालक पूर्व में भी चोरी एवं चोरी के सामान खरीदने के आरोपी है जिनके विरुद्ध विधिवत कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

# कुई के स्कूली छात्र-छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

पंडरिया विकासखण्ड के सुंदूर वनांचल क्षेत्रांतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुई कक्षा आठवी के विद्यार्थियों को अनूठी भावभीनी विदाई दी गई।

विद्यार्थियों द्वारा इस कार्यक्रम में पहले छात्र छात्राओं ने आकर्षक विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया वही शिक्षकों नें विद्यार्थियों को भविष्य के लिए विषय चयन, योजनाएं, लक्ष्य निर्धारण पर विस्तृत जानकारियां दी गई। वहीं कक्षा 6वीं के छात्र राजेश कुमार अपने संक्षिप्त एवं भावनाओं से ओत-प्रोत अपने भाषण से सभी को प्रभावित किया, वही कपिल कुमार, शालनी, भगवती ने विद्यालय में बिताए अपने संस्मरण सुनाए, गुरु द्वारा दिए शिक्षा, ज्ञान, संस्कार को हमेशा याद रखने की बात कही। वहीं विद्यार्थियों नें कक्षा 8वीं के छात्र छात्राओं को पेन भेटकर आभार व्यक्त किया।

वहीं शिक्षक राजर्षि पांडेय ने विषय चयन, लक्ष्य निर्धारण, शिक्षा के उद्देश्य, स्व अनुशासन पर विस्तार से चर्चा करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संस्था प्रमुख सभाजीत सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए आकर्षक मॉडल की प्रसंशा करते हुए बेहतर कल के लिए शुभकामनाएं दी। इस विदाई समारोह में शिक्षक के जितेंद्र कश्यप, मुकेश देवांगन, श्रीमती सरोज मरावी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# पीजी कॉलेज में विश्व जल दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में विश्व जल दिवस के अवसर पर इस वर्ष के थीम शांति के लिए जल पर अयोजन प्राचार्य डॉ बीएस चौहान के निर्देशन में डॉ ऋचा मिश्रा द्वारा किया गया, जिसमे समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं को बढ़ते जल संकट तथा कई देशों में जल संकट संघर्ष का कारण बना हुआ है। अतः जल संरक्षण के उपायों से अवगत कराते हुए जल संरक्षण आज की महती आवश्यकता है। इस विषय पर चर्चाकर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ दीप्ति जांगड़े, डॉ अनिल शर्मा, मुकेश कामले, नरेंद्र कुलमित्र, संतोष साहू, रवि गढ़वाल, खेलन माहुले, कविता कन्नौजे, आकांक्षा वर्मा, डॉ सीमा मांडवी, मनसुख लाल वर्मा, ओएन कुर्रे, हनुमान दास, गोवर्धन चंद्रवंशी, रमेश महोबिया, स्वेक्षा परिहार, जयंत साहू, तिलक सोनवाने, वैभव गुप्ता, राकेश दानी, डॉ केएल साहू, भोलूदास, विष्णु साहू, उषा साहू, ऋतु चंद्रवंशी, अन्नपूर्णा सैयंम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित तथा लाभन्वित हुए।

## पेण्ड्रीकला में विश्व जल दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत पेण्ड्रीकला में विश्व जल दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को विश्व जल दिवस पर जीवन के लिए अभिन्न और महत्वपूर्ण की विस्तृत जानकारियां दी गई। जिसमें जल हमारे शरीर के ऊर्जा स्रोत, स्वास्थ्य व संतुलित विकास का मूल आधार है। जल के बिना हम न तो जीवित रह सकते हैं और न ही कोई जीवनरूपी रचना अस्तित्व में आ सकती है, इसके साथ ही जल हमें स्वच्छता, संपन्नता और समृद्धि की ओर ले जाता है। यह समुद्रों, नदियों, झीलों और तालाबों के रूप में प्रकृति में विद्यमान है। हमें इसे बचाएं और संरक्षित रखने की जरूरत है, हमें जल के महत्व को समझना चाहिए और इसकी सुरक्षा और उपयोग को संभालने का संकल्प लेना चाहिए। जल संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है, जल के महत्व को समझकर हमें जल संरक्षण के लिए संज्ञानबद्ध और सतर्क बनना चाहिए। अपने उपयोग में सतर्क रहना चाहिए, हमें सुरक्षित पीने के पानी की उपलब्धता के लिए जल संचय की तकनीकों का उपयोग करना चाहिए, जल संरक्षण के माध्यम से हम स्वच्छ और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं और आने वाले पीढ़ियों को भी संतुष्टि और सुरक्षा दे सकते है। अगर हम अपने निजी जीवन की बात करें तो पानी हमारे अस्तित्व का आधार है। मानव शरीर को दिन-प्रतिदिन जीवित रहने के लिए पानी की आवश्यकता होती है, हम बिना भोजन के पूरे एक सप्ताह तक जीवित रह सकते हैं, लेकिन पानी के बिना हम कल्पना भी नहीं कर सकते। इसी परिप्रेक्ष्य में विश्व जल दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला के छात्र छात्राओं को जल का महत्व व जल संरक्षण के बारे में बताया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण पर चित्र, जल का महत्व पर निबंध लेखन किया गया। इस कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, शिक्षादूत भुनेश्वर चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेन्द्र, प्रीतम कश्यप सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# ढोलबज्जा में पीएम जनमन का पक्का आवास

■ विशेष पिछड़ी बैगा जनजातियों को मिलेगी योजनाओं का लाभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रांरभ किया गया है। इस योजना का क्रियान्वयन कबीरधाम जिल के बोड़ला और पंडरिया विकासखण्ड में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा ग्रामों में शुरू हो चुका है। कबीरधाम जिले के बोड़ला और पंडरिया विकासखण्ड में निवासरत बैगा परिवारों के लिए प्रथम चरण में 3554 आवासों की स्वीकृति दी गई है। इनमें 2996 पक्का आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11 करोड़ 98 लाख रुपए जारी की गई है। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला में 179 और पंडरिया के 77 गांवों में बैगा परिवारों की बाहुलता है। इन परिवारों के लिए बोड़ला विकासखण्ड में 2081 और पंडरिया विकासखण्ड में 1474 आवासों की स्वीकृति दी गई है। बैगा परिवारों को प्रथम चरण में 2996 आवासों आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रुपए की राशि जारी की गई है।

# कक्षा 10वीं व 12वीं के मूल्यांकन तिथि में परिवर्तन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं व 12वीं के मूल्यांकन तिथि में परिवर्तन की मांग किया है, इस संबंध में प्रांतीय इकाई ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री व मंडल के सचिव को पत्र भी लिखा है, एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टीफिकेट मुख्य परीक्षा 2024 के केंद्रीय मूल्यांकन का कार्य 23 मार्च से प्रारम्भ किया जा रहा है, मूल्यांकन प्रारम्भ तिथि के ठीक दूसरे दिन 24 मार्च को हिन्दुओं का बड़ा त्यौहार होलिका दहन व 25 मार्च को होली का त्यौहार है, यह त्यौहार पूरे देश में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाता है। कई शिक्षकों का मूल निवास दूसरे जिले में हैं, जो इस अवसर पर अपने मूल निवास स्थान जाकर होली के पर्व को अपने परिवार के साथ मनाते हैं, मूल्यांकन कार्य होली के ठीक पहले प्रारम्भ किए जाने से शिक्षकों को अपने परिवार से दूर रहकर ही होली पर्व मनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



जिसे दृष्टिगत रखते हुए तिथि में परिवर्तन की आवश्यकता है, एसोसिएशन जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण ध्रुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, राजेन्द्र कौशिक, देवानंद चन्द्रवंशी, सुरतिया साहू, मनोज चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, राजेश तिवारी आदि ने मूल्यांकन तिथि को संशोधित कर 23 मार्च के बजाय 27 मार्च से मूल्यांकन प्रारम्भ करने की मांग किया है, ताकि मूल्यांकन कार्य में संलग्न सभी शिक्षक व कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ हर्षोल्लास पूर्वक त्यौहार का आनंद उठा सकें।

जीवन के लिए रक्तदान अनमोल है,जरूरतमंद को समय पर मिले रक्तः सीएमएचओ

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास जनमेजय महोबे ने स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाने के लिए सतत प्रयासरत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के मार्गदर्शन में पंडरिया बीएमओ डॉ अनामिका पटेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 31 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय में जिले से अनेक मरीज पहुंचते है, जिसमें प्रमुख रूप से एक्सीडेंटल मरीज, गर्भवती माताएं, सिकलसेल के मरीज और थैलेसिमिया के रोगियों को रक्त की त्वरित आवश्यकता होती है।

जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में प्रचुर मात्रा में सभी समूह के रक्त की आवश्यकता होती है जब भी आवश्यकता पडें तत्काल उपलब्ध हो जाए। इस अवसर पर डीएचओ डॉ सतीश चंद्रवंशी, डॉ अनामिका पटेल बीएमओं, डॉ आरके चद्रंवंशी, डॉ हर्षित टुवानी, डॉ सुधा एक्का, डॉ शालिनी टंडन, बालाराम साहू रेडक्रास, प्रदीप ठाकुर बीपीएम, जेम्स जॉन, डॉ दीक्षा पात्रे, डॉ स्मृति, कैलाश धिरही, रामचंद्र साहू, जॉन निर्मल, एक्का साहू सहित स्वास्थ्य विभाग, रेडक्रास टीम के सदस्यों ने शिविर में विशेष सहयोग प्रदान किया।

### रक्तवीरों ने किया रक्तदान

पंडरिया बीएमओ डॉ अनामिका पटेल ने बताया कि रक्तदान शिविर में पीयूष, योगेश सोनी, संजय प्रसाद, सतीश कुमार, होमेश्व चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, रामफल चंद्राकर, भोलाराम, टीकाराम, पोखराज, डॉ हर्षित, बीरबल, मंगल यादव, शोमेश डॉ स्मृति, कैलाश, सुनील, विद्या, सुखचंद, संजीव साहू, गौतम, ललित, प्रभात शैल बिसेन, अजय देवांगन, जेम्स जॉन, चंद्रप्रकाश कैलाश, धर्मेन्द्र, मोहन सिंह, पटेल सहित रक्तवीरों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सीएमएचओ डॉ राज के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, शिविर आयोजन में जेम्स जॉन और उनके टीम का विशेष सहयोग रहा है।